सृजनात्मकता Creativity

सृजनात्मकता एक मानसिक योग्यता है इसके क्षेत्र में वैज्ञानिकों अध्ययनों का अभाव रहा है
(1) सृजनात्मकता का अध्ययन कठिन है
(2) प्राचीन काल से लोग ऐसा विश्वास करते चले आ रहे थे कि सृजनात्मकता ~~का मापन~~ वंशानुगत होती है अतः बालक में सृजनात्मकता को विकसित करने के लिए कुछ भी नहीं किया जा सकता है। (3) सृजनात्मकता की योग्यता केवल कुछ ही लोगों में होती है।

सृजनात्मकता का मापन (Spearman 1930) के अध्ययनों से प्रारम्भ हुआ। लेकिन आधुनिक समय में उसके मापन का श्रेय टॉरेंस, टेलर, और गिलफोर्ड आदि मनोवैज्ञानिकों को है।

Meaning of creativity → 146.

सृजनात्मकता की विशेषताएँ या तत्व →

हरलॉक (1990) के अनुसार :- सृजनात्मकता की कुछ प्रमुख विशेषताएं निम्न प्रकार से है —

1) सृजनात्मकता एक प्रक्रिया या योग्यता है यह उत्पादन नहीं है।
2) सृजनात्मकता की प्रक्रिया लक्ष्य निर्देशित (Goal Directed) होती है।

Scanned with CamScanner

PAGE
DATE

यह या तो व्यक्ति के लिए लाभदायक होती है अथवा यह समूह या समाज के लिए लाभदायक होती है।

③ सृजनात्मकता चाहे यांत्रिक हो या लिखित या मूर्त हो या अमूर्त, प्रत्येक अवस्था में व्यक्ति के लिए यह अभूतपूर्व (unique) होती है। यह किसी नए और भिन्न उत्पादन का मार्ग निर्देशन करती है।

4. सृजनात्मकता बहुमुखी या अपसारी चिन्तन (Divergent thinking) के फलस्वरूप उत्पन्न होती है।

5. यह चिन्तन का एक तरीका है। यह बुद्धि का पर्यायवाची नहीं है।

6. सृजन (creation) की योग्यता मान्य ज्ञान (Accepted knowledge) के अर्जन पर आधारित है।

7. सृजनात्मकता एक प्रकार की नियंत्रित कल्पना है जिससे किसी न किसी उपलब्धि का निर्देशन प्राप्त होता है।